राजस्थान से एमडी ड्रग सप्लाई करने आया युवक गिरफ्त में

▶ आरोपी के पास से 5 .80 लाख रुपए की 58 ग्राम एमडी ड्रग बरामद

इंदौर. शहर में मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर नारकोटिक्स विंग की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है. टीम ने राजस्थान से एमडी ड्रग की खेप लेकर सप्लाई करने इंदौर आए एक युवक को दबोच लिया. आरोपी के पास से 58 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की है. जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5.80 लाख रुपए बताई जा रही है.

डीएसपी नारकोटिक्स विंग संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि आरोपी की पहचान निवासी डग, जिला झालावाड़ (राजस्थान) के लालचंद पिता बाबूलाल के रूप में हुई है. उसके कब्जे से 58 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई नारकोटिक्स विंग के सहायक उप निरीक्षक विजय मिश्रा को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर की गई. सूचना थी कि राजस्थान का एक युवक रात 12 से 1 बजे के बीच राजकुमार मिल सब्जी मंडी क्षेत्र में किसी को एमडी ड्रग की सप्लाई करने आने वाला है. इस पर उसे पकड़ने की योजना बनाई गई.

आरोपी से की जा रही पूछताछ

सूचना के बाद टीम ने इलाके में घेराबंदी की और मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध युवक को रोका. तलाशी लेने पर उसके पास से एमडी ड्रग बरामद हुई, जिसे मौके पर जब्त कर लिया. इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विजय मिश्रा के साथ आरक्षक पंकज जयभाय, राजरतन तायड़े और भूषण काले शामिल रहे. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाया था और इसे किन-किन लोगों तक सप्लाई किया जाना था.

लंबे समय से फरार एक और एमडी तस्कर गिरफ्त में

▶ पूर्व में चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट के केस में 5 बार गिरफ्तार हो चुका है आरोपी

इंदौर. अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच को एक और सफलता मिली है. टीम ने एमडी ड्रग्स तस्करी के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहसिन हुसैन निवासी चंदन नगर इंदौर है. आरोपी फर्नीचर रिपेयरिंग का काम करता है और 10वीं तक पढ़ा-लिखा है. पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट और मारपीट के मामलों में करीब पांच बार गिरफ्तार हो चुका है. एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में पूर्व में आरोपी दानिश के कब्जे से करीब 11.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी जब्त किया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई थी.

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चल रही कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच टीम ने 7 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार आरोपी समीर हुसैन से पूछताछ की. पूछताछ और मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर सामने आया कि इस नेटवर्क में एक और आरोपी मोहसिन हुसैन शामिल है, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था. जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध कराता था. जानकारी पुख्ता होने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है.

एक नजर में

स्वर्गीय अजित पवार को श्रद्धांजलि

इंदौर. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इंदौर कार्यालय में महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अजित दादा पवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार ने कहा कि पार्टी ने जन-जन के नेता को खो दिया है. अजित दादा पवार का व्यक्तित्व सभी को साथ लेकर चलने वाला था. उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में महाराष्ट्र की राजनीति को दिशा दी और लंबे समय तक उपमुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की प्रगति में अहम योगदान दिया. उनका जाना पार्टी के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से भी अपूरणीय क्षति है. इस मौके पर ज्योतिषाचार्य घनश्याम ठाकुर ने कहा कि उनके निधन से महाराष्ट्र की जनता के लिए बड़ा नुकसान है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नीरज सिंह पवार, चंदा राय (संभागीय अध्यक्ष), हिम्मत सिंह ठाकुर (संभागीय अध्यक्ष), देवेंद्र सिंह राजावत (इंदौर अध्यक्ष), केके तिवारी (संगठन मंत्री), उल्हास बेताला (प्रदेश अध्यक्ष, जैन समाज), सचिन जैन, पराग श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

डीएफए रायसेन मैच जीतकर महिला फुटबॉल के अगले दौर में

महू. मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं एडहॉक इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को एक शानदार रोमांचक मुकाबला खेला गया. इसमें डीएफए रायसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 3-0 से विजय हासिल कर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए अतिथि के रूप में इंदौर जिला फुटबॉल संघ के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अशोक पिल्ले, जेसी खोड़े, सुरेश डामोर, प्रवीण कांबले, मो. इनामुलहक, शेख सलीम खान, अशोक डागर, गोपाल धवन, प्रख्यात फुटबॉलर ओपी बाथम, सुरेश पाल उपस्थित रहे. यह जानकारी प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने दी.

हर्षिता सैनी सहित 10 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

महू. इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित प्रथम वार्षिक मुखर्जी स्मृति व्याख्यान के अवसर पर लिटिल एंजेल स्कूल महू की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता गौरीशंकर सैनी सहित 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. लिटिल एंजेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा डॉ. बप्पादित्य मुखर्जी (यूएसए से पीएचडी, लिटिल एंजेल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में प्रोफेसर) के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम शैबाल कुमार मुखर्जी की स्मृति में आयोजित किया गया था. शैबाल कुमार भारतीय सेना एवं आईएएस में सेवारत सम्मानित अधिकारी थे. नागरिक भागीदारी, सार्वजनिक-निजी साझेदारी एवं सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित इस व्याख्यान में डॉ. निवेदिता पी. हरण (आईएएस, सेवानिवृत्त, 1980 बैच) ने भारत के निर्वाचन आयोग की वर्तमान भूमिका : एसआईआर प्रक्रिया पर मुख्य व्याख्यान दिया.

दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन आज से

महू. उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा प्रायोजित पर्यावरण, पारिस्थितिकी और अंतरिक्ष मौसम विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में 30 एवं 31 जनवरी को किया जा रहा है. यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने दी. उन्होंने बताया कि यह सेमीनार भूगोल एवं भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रहा है. महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया कि सेमिनार के माध्यम से विश्व स्तरीय पर्यावरणीय समस्याओं, असंतुलित पारिस्थितिकी और अंतरिक्ष मौसम जैसे ज्वलंत एवं सम सामयिक विषयों पर मंथन किया जाएगा. सेमीनार के संयोजक डॉ. संजय सोहनी ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं प्रखर रहेंगी. संगोष्ठी के सहसंयोजक डॉ. मनोज नागर ने बताया कि इस सेमीनार में हरियाणा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, मेघालय, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के साथ-साथ मध्यप्रदेश के अनेक जिलों से 200 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे.

नगर निगम के पूर्व अधिकारी पर मनी लॉन्ड्रिंग का शिकंजा

▶ 2 .51 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी ने कोर्ट में चालान पेश किया

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम इंदौर में विभिन्न पदों पर पदस्थ रहे पूर्व अधिकारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. ईडी इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने आरोपी राजेश कोठारी के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में अभियोजन शिकायत दायर की है. विशेष अदालत ने मामले में आरोपी को नोटिस जारी कर दिए हैं.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार, यह जांच लोकायुक्त पुलिस, उज्जैन द्वारा दर्ज एफआईआर और बाद में पेश की गई चार्जशीट के आधार पर शुरू की थी. जांच में सामने आया कि आरोपी ने नगर निगम इंदौर में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और रिमूवल ऑफिसर के पद पर रहते हुए भ्रष्ट तरीकों से स्वयं एवं अपने परिजनों के नाम पर चल व अचल संपत्तियां अर्जित कीं. चार्जशीट के अनुसार आरोपी ने अपनी सेवा अवधि के दौरान करीब 2 करोड़ 51 लाख 86 हजार रुपए की आय से अधिक संपत्ति एकत्र की. ईडी की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के पास इन संपत्तियों के लिए कोई वैध और अनुपातिक आय का स्रोत नहीं था.

पूछताछ के दौरान आरोपी संपत्ति खरीद में उपयोग धन के स्रोत को लेकर संतोषजनक जवाब भी नहीं दे सका. ईडी की जांच में यह तथ्य उजागर हुआ कि आरोपी और उसके परिजनों ने अपराध से अर्जित धन को जानबूझकर छुपाया, उपयोग किया और उसे वैध संपत्ति के रूप में दिखाने का प्रयास किया. इस मामले में करीब 1 करोड़ 30 लाख 91 हजार रुपए मूल्य की दो अचल संपत्तियों को अपराध से अर्जित धन से खरीदा जाना पाया, जिन्हें ईडी ने अस्थायी रूप से कुर्क किया है. ईडी के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संपत्तियों व लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है.

पूर्व उप संचालक के खिलाफ ईडी ने जांच की तेज

▶ आय से अधिक संपत्ति का मामला

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में पदस्थ रहे तत्कालीन संभागीय उप संचालक अशोक शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच तेज कर दी है. ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपी ने वर्ष 1998 से 2010 के बीच अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 1 करोड़ 64 लाख रुपए की संपत्ति अपनी ज्ञात आय से कहीं अधिक अर्जित की.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार आरोपी ने अवैध रूप से अर्जित इस राशि को परिवार के सदस्यों के विभिन्न बैंक खातों में घुमाकर (लेयरिंग) उसे वैध दिखाने का प्रयास किया. इसी काली कमाई से कई अचल संपत्तियां खरीदी गईं, ताकि अपराध से अर्जित धन को स्वच्छ संपत्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके. इस मामले में ईडी द्वारा पहले ही 25 मार्च 2025 को प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर (पीएओ) जारी किया जा चुका है. इसके तहत आरोपी के परिजनों के नाम दर्ज तीन अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत लगभग 95 लाख रुपए बताई गई है. ईडी अधिकारियों का कहना है कि यह संपत्तियां अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थीं. फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संपत्तियों व लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है.

प्लॉट बेचकर कब्जा नहीं दिया चार पर धोखाधड़ी का केस

इंदौर. तिलकनगर थाना क्षेत्र में प्लॉट का विक्रय कर राशि लेने के बावजूद कब्जा नहीं देने और बाद में धमकी देने का मामला सामने आया है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार संतोष शाह पिता सुरेन्द्र शाह, निवासी महावीर नगर ने शिकायत में बताया कि आरोपियों पंकज जैन, संजय ओझा और रमेश जैन द्वारा ग्राम पिपलियाहाना स्थित उदय नगर कॉलोनी के प्लॉट नम्बर 52, रकबा 900 वर्गफुट का सौदा किया था. आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों में 15 लाख 6 हजार रुपये लेकर विक्रय पत्र भी करवा दिया, लेकिन आज तक प्लॉट का कब्जा नहीं दिया. फरियादी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पंकज जैन द्वारा भेजे गए दो अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायत वापस लेने और दस्तावेज सौंपने का दबाव बनाते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी. शिकायत पर तिलकनगर पुलिस ने धारा 420 और 406 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

कूटरचित दस्तावेजों से प्लॉट हड़पने का खेल बेनकाब, दो गिरफ्तार

▶ फर्जी कागजातों से भूखंड की रजिस्ट्री अपने नाम कराकर खुद बन गए मालिक

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में प्लॉट की खरीदी-बिक्री के नाम पर फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर एक भूखण्ड को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर खुद को मालिक दर्शाया और अवैध रूप से लाभ कमाने की साजिश रची थी.

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि अहमद नगर क्षेत्र स्थित पार्श्वकुंज कॉलोनी में भूखण्ड 228 (रकबा 1496 वर्गफीट) को लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया था. इस संबंध में फरियादी फुरकान पिता तस्जील हुसैन, निवासी प्रियदर्शिनी रीजेंसी इंदौर ने थाना खजराना में लिखित शिकायत की थी. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उक्त प्लॉट की कथित रजिस्ट्री कराकर फरियादी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया. प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों शेख इमरोज पिता शेख रहमान, निवासी हीना पैलेस खजराना और रजिया खान पति अब्दुल रऊफ, निवासी सम्राट नगर खजराना के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था.

आरोपियों को रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ

मामले में पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की गई. टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों और इस तरह के फर्जी दस्तावेजों के जरिए किए गए अन्य सौदों की जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस का दावा है कि शहर में कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर प्लॉटों की खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

अब एलएचबी रेक से चलेगी इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस

▶ सफर होगा ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक

इंदौर. इंदौर से बिलासपुर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है. पश्चिम मध्य रेलवे ने गाड़ी संख्या 18233/18234 इंदौर-बिलासपुर (नर्मदा) एक्सप्रेस को एलएचबी रेक से चलाने का फैसला किया है. इस अपग्रेड के बाद यात्रियों को न सिर्फ ज्यादा आराम मिलेगा, बल्कि यात्रा पहले से कहीं अधिक सुरक्षित भी होगी.

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अब तक यह ट्रेन पारंपरिक आईसीएफ रेक से संचालित हो रही थी. एलएचबी रेक के शामिल होने से ट्रेन की संरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी. एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं, जो तेज रफ्तार में भी ज्यादा स्थिर रहते हैं और दुर्घटना की स्थिति में नुकसान की संभावना कम रहती है. इन कोचों में बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम, कम शोर, कम झटके और ज्यादा आरामदायक बैठने व सोने की सुविधा होती है. गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर 31 मार्च 2026 से और गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर 30 मार्च 2026 से एलएचबी रेक के साथ चलाई जाएगी.

ट्रेन के समय, ठहराव या रूट में कोई परिवर्तन नहीं

रेलवे ने साफ किया है कि इस बदलाव से ट्रेन के समय, ठहराव या रूट में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है. यात्री पूर्व निर्धारित समय अनुसार ही यात्रा कर सकेंगे. नए एलएचबी रेक में 20 कोच रहेंगे, जिनमें एक फर्स्ट एसी, एक सेकंड एसी, पांच थर्ड एसी, नौ स्लीपर और चार सामान्य श्रेणी के कोच शामिल होंगे. यह अपग्रेड इंदौर, उज्जैन, रतलाम मंडल क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के हजारों यात्रियों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है. लंबी दूरी की इस ट्रेन में अब सफर ज्यादा स्मूद, सुरक्षित और आरामदायक होगा. यात्रियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए अन्य ट्रेनों में भी एलएचबी रेक लगाए जाने की मांग की है.

ईंट भट्ठे के पास मिली महिला की लाश

▶ शव के पास सल्फास मिलने से आत्महत्या की आशंका

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहासा स्थित ईंट भट्ठे के पास बुधवार सुबह मिली महिला की लाश की शिनाख्त हो गई है. मृतका की पहचान रजिया पति इकबाल के रूप में हुई है. पुलिस को शव के पास से सल्फास की पुड़िया भी मिली है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. सूचना मिलते ही चंदन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार के संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं. महिला के शव के पास सल्फास मिलने के आधार पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, वस्तुस्थिति को लेकर अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा.

एक नजर में ▶ वाहनों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि और जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्यों ने आम नागरिकों की मुसीबतें बढ़ाई

शहर का बेलगाम ट्रैफिक और कमजोर सिस्टम बना गंभीर संकट

इंदौर. शहर में बेलगाम ट्रैफिक एक गंभीर शहरी संकट बन चुका है. शहर में वाहनों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि (15 लाख से अधिक पंजीकृत वाहन) और विकास कार्यों के चलते जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्यों ने आम नागरिकों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं. 2026 की शुरुआत में ही ट्रैफिक जाम, गलत दिशा में वाहन चलाना और नो-पार्किंग में वाहनों के कारण शहर के कई प्रमुख क्षेत्र जैसे राजवाड़ा, विजयनगर, भंवरकुआं और देवास नाका, भयंकर जाम का सामना कर रहे हैं.

जानकारी के अनुसार इंदौर में 15 लाख से अधिक वाहन पंजीकृत किए जा चुके हैं और यह संख्या हर साल तेजी से बढ़ रही है. ऐसे में बायपास, रिंग रोड और एबी रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है. शहर के भंवरकुआं, विजय नगर, देवास नाका और आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक की हालत सबसे ज्यादा बदतर नजर आती है. अधूरे निर्माण कार्यों के चलते सड़कों का संकुचित होना जगह-जगह खुदाई और अव्यवस्थित बैरिकेडिंग जाम की बड़ी वजह बन रही है. बारिश के दौरान जलभराव की समस्या हालात को और गंभीर कर देती है. वहीं गलत साइड से वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है. खराब ट्रैफिक इंजीनियरिंग तकनीकी रूप से कमजोर सिग्नल सिस्टम और पुलिस की सीमित मैन्युअल व्यवस्था के आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं. इसका सीधा असर आम जनता की सुरक्षा, समय और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. जिससे शहरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

यह बोले शहरवासी...

एक तरफ पुलिस हजारों लोगों के चालान बना रहे हैं, सिर्फ इसलिए कि वह हेलमेट नहीं पहन रहे हैं, लेकिन पहले यातायात पुलिस को सरल यातायात के लिए अपना सिस्टम सुधारना चाहिए.

- संतोष शर्मा

शहर के अंदर वाले मार्गों से बचने के लिए लोग रिंग रोड का सहारा लेते थे, लेकिन वहां भी अब जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं.

- वीरेंद्र यादव

यातायात पुलिस केवल चालानी कार्रवाई कर टारगेट पूरा करती है. लक्ष्य तो यातायात सुधार का होना चाहिए, लेकिन जहां देखो हर जगह अव्यवस्थाएं दिखाई देती हैं. इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है.

- सूरज कुमार